दिनांक : 05.11.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

पीएम पैरा खिलाड़ी संवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम करीब 4:30 बजे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एशियाई पैरा खेल 2026 में भाग लेने वाले भारतीय दल के खिलाड़ियों से संवाद करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। भारत ने इस वर्ष जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियाई पैरा खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारतीय दल के 97 पैरा एथलीटों ने कुल 114 पदक जीते, जिनमें 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य पदक शामिल हैं।

पीएम- मेट्रो नेटवर्क का तेजी से विस्तार

वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए देश में मेट्रो नेटवर्क के विस्तार की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 2014 में देश के 5 शहरों में 248 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क था, जो अब बढ़कर 26 शहरों में करीब 1200 किलोमीटर हो गया है। पीएम के मुताबिक, रोजाना एक करोड़ से ज्यादा लोग मेट्रो से सफर कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश एक्सपोर्ट एंड एफटीए कॉन्क्लेव

भोपाल में आज मध्य प्रदेश एक्सपोर्ट एंड एफटीए कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका शुभारंभ करेंगे। कॉन्क्लेव में प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने और निर्यात बढ़ाने पर चर्चा होगी। इस दौरान एफटीए कार्ययोजना, हेल्पडेस्क, ट्रेड पोर्टल और एक्सपोर्ट एक्सेलेरेटर जैसी नई सुविधाएं शुरू की जाएंगी। कार्यक्रम में उद्योगपति, निर्यातक और सरकारी अधिकारी शामिल होंगे, वहीं एक जिला-एक उत्पाद प्रदर्शनी में प्रदेश के पारंपरिक उत्पाद और शिल्प भी दिखाए जाएंगे।

गोवर्धन पूजा का आयोजन

प्रदेश में 9 नवंबर को गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेशभर की गौशालाओं में गौ-पूजन के कार्यक्रम होंगे। भोपाल में राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन किया जाएगा, वहीं सागर जिले के हफसिली में 101 फीट का गोवर्धन पर्वत बनाया जाएगा और मेला भी लगेगा। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टर्स को गौ-पूजा के साथ पशुपालकों को सरकारी योजनाओं और तकनीकी सुविधाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

सीएम- गोवत्स द्वादशी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोवत्स द्वादशी के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गौमाता हमारी आस्था, संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अहम आधार हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लोगों से गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और गौसेवा का संकल्प लेने की अपील की।

लंदन में मध्य प्रदेश पर्यटन

प्रदेश के टूरिज्म बोर्ड ने लंदन में आयोजित वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में प्रदेश के पर्यटन स्थलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट कर रहा है। 3 से 5 नवंबर तक चल रहे इस आयोजन में खजुराहो, सांची, भीमबेटका, कान्हा, बांधवगढ़ और उज्जैन समेत कई पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके साथ ही लंदन में 'मध्यप्रदेश क्रॉनिकल्स' कार्यक्रम के जरिए प्रदेश की कला, संस्कृति, वन्यजीव और खानपान की झलक पेश की गई।

आईपीएस जिम्मेदारियों में बदलाव

प्रदेश में पुलिस मुख्यालय में पदस्थ 8 आईपीएस अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। कल देर रात जारी आदेश के मुताबिक, डीआईजी विनीत कपूर को साइबर और सामुदायिक पुलिसिंग की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि अवधेश कुमार गोस्वामी को डीजीपी का नया पीएसओ बनाया गया है। इसके अलावा संतोष

सिंह गौर, तुषार कांत विद्यार्थी, रघुवंश कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों के विभाग भी बदले गए हैं।

जनजातीय गौरव दिवस

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी सिलसिले में आज भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। वहीं, दोपहर में मुख्यमंत्री निवास पर जनजातीय जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद का कार्यक्रम रखा गया है। इसमें सांसद, विधायक, पूर्व जनप्रतिनिधि और पंचायत-नगरीय निकायों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। जनजातीय गौरव सप्ताह 11 से 18 नवंबर तक मनाया जाएगा।

स्वामित्व अधिकार अभिलेख योजना

प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख योजना के तहत अब तक ग्रामीण परिवारों की 15 लाख 98 हजार 46 रजिस्ट्रियां पूरी हो चुकी हैं। इस योजना के जरिए ग्रामीणों को उनके मकान और जमीन का कानूनी दस्तावेज निशुल्क दिया जा रहा है। इस दस्तावेज के आधार पर लोग बैंक से लोन और दूसरी वित्तीय सुविधाएं भी ले सकेंगे। प्रदेश के सभी 55 जिलों में रजिस्ट्रेशन का काम जारी है।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में धनतेरस और दीपावली पर मौसम साफ रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज से 8 नवंबर तक प्रदेश के किसी भी जिले में आंधी या बारिश का अलर्ट नहीं है। भोपाल और इंदौर समेत ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में भी धूप खिलेगी। वहीं, नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड बढ़ने और ग्वालियर-चंबल संभाग में तापमान गिरने की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- झाबुआ की पंचायत पेटलावद क्षेत्र के 11 सिंचाई जलाशयों को मत्स्य पालन के लिए 10 वर्ष की अवधि पर पट्टे पर आवंटित किया जाएगा, 25 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- आगरमालवा के जिला चिकित्सालय में टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों और युवाओं के लिए 'मिशन मधुहारी क्लिनिक' का शुभारंभ किया गया, पंजीकृत 05 बच्चों को निःशुल्क उपचार परीक्षण कीट प्रदान किए गए।
- शिवपुरी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने ग्राम पंचायत राजा की मुड़ेरी का निरीक्षण कर स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री संपादन कार्य की धीमी प्रगति पर कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए।